# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

गोपनीय
क्रमांक 656 ब.वि.वि. / ~~परीक्षा~~ / 2021 भोपाल, दिनांक 06-07-2021

**'ओपन बुक पद्धति के तहत आयोजित होने वाली स्नातक / स्नातकोत्तर कक्षाओं की सत्र 2020–21 की परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के लिये विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देश :–**

1. परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय–सारणी अनुसार प्रश्न–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट में कक्षावार, विषयवार उपलब्ध करवायें जायेंगे।
2. संग्रहण केन्द्र की सूची अग्रणी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर प्रदर्शित की जाएगी।
3. उत्तरपुस्तिकाओं हेतु सामान्यतः ए–4 साईज के कागज या लांग रजिस्टर के पृष्ठों का प्रयोग छात्रों को स्वयं करना होगा।
4. विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ का प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त प्रारूप को डाउनलोड कर उसमें उल्लेखित सभी कॉलम की पूर्ति करने के उपरांत उसे अपनी उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के रूप में संलग्न करे।
5. उत्तरपुस्तिका के सभी पृष्ठों को इक्टठा कर साइड से 01 उंगली बराबर मोडकर उपर नीचे और बीच में 03 स्टेपल पिन लगाकर उसे उत्तरपुस्तिका के रूप में बना ले।
6. प्रत्येक प्रश्न की उत्तर लिखने की शब्द सीमा सामान्यतः 250 शब्दों में होगी तथा उत्तरपुस्तिका समान्यतः 18 पृष्ठ की होगी।
7. परीक्षार्थी उत्तर लिखने हेतु केवल काले या नीले बॉल पेन का प्रयोग करेंगे।
8. प्रत्येक प्रश्न–पत्र के लिए पृथक–पृथक उत्तरपुस्तिका का उपयोग अनिवार्य है।
9. उत्तरपुस्तिकाएं स्वयं लिखित होनी चाहिये। किसी अन्य छात्र या छायाप्रति का उपयोग करने पर परीक्षार्थी की परीक्षाऐं निरस्त की जाएंगी। संग्रहण केन्द्र में इसकी जॉच की जा सकती है।
10. परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय अवधि में उत्तरपुस्तिका निकट के संग्रहण केन्द्रों में जमा करना सुनिश्चित करेंगे अथवा ऐसे परीक्षार्थी जो अपनी लिखित उत्तरपुस्तिका परिक्षेत्र से बाहर होने के कारण जमा नही करा पा रहे है वे अपनी उत्तरपुस्तिका स्पीट पोस्ट के माध्यम से समय–सारणी में अंकित दिनांक एवं निर्धारित समय तक उपकुलसचिव, गोपनीय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल 462026 के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से बुक (पोस्ट) करेंगे।
11. निर्धारित तिथि के पश्चात् उत्तरपुस्तिका स्वीकार नही की जाएगी।
12. संबंधित छात्र अपनी समस्त 9 / 11 लिखित उत्तरपुस्तिकाऐं एक ही संग्रहण केन्द्र तथा एक ही समय पर एक बार में जमा करेंगे।
13. समस्त परीक्षार्थियो को मुख्य पृष्ठ पर अंकित परीक्षा संबंधी निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य है।
14. समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर सूचना जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in का अवलोकन करते रहे।
15. विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रण कक्ष / हेल्प लाईन का विवरण वेबसाइट में उपलब्ध रहेगा। परीक्षार्थी परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकते है।
16. छात्र अपनी उत्तरपुस्तिकाऐं घोषित समय–सारणी में अंकित दिनांक एवं महाविद्यालय की व्यवस्था अनुसार उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय (संग्रहण केन्द्र) मे जमा करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।
भोपाल, दिनांक 06-07-2021

गोपनीय
पृ.क्रमांक 657 / ~~परीक्षा~~ / 2020

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति जी के निज सचिव के माध्यम से मान. कुलपति जी की ओर सूचनार्थ।
2. अतिरिक्त संचालक, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ
3. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्राचार्यो की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, आई.टी. सेल, ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. नस्ती प्रति।

उप कुलसचिव (गोपनीय)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 658 गोपनीय / ~~परीक्षा~~ / 2021 भोपाल, दिनांक 04-07-2021

प्रति,

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष
विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय

**विषयः– ओपन बुक पद्धति के अन्तर्गत आयोजित परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के जमा करने हेतु दिशा–निर्देश।**

1. प्रश्न पत्र बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर समय–सारणी अनुसार अंकित दिनांक एवं समय में प्रदर्शित किये जाऐंगे।
2. नियमित परीक्षार्थी अध्ययनरत महाविद्यालय, स्वाध्यायी परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषणकर्ता महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समीपस्थ संग्रहण केन्द्रो पर समय–सारणी में अंकित दिनांक एवं महाविद्यालय की व्यवस्था अनुसार उत्तरपुस्तिका जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
3. महाविद्यालय / संग्रहण केन्द्र, उत्तरपुस्तिका जमा करने की पावती (संलग्न प्रारूप) परीक्षार्थी को आवश्यक रूप से प्रदान करेंगे।
4. लीड कॉलेज के प्राचार्यो के सुझाव अनुसार प्रत्येक महाविद्यालय (संग्रहण केन्द्र) संकायवार, विषयवार एवं कक्षावार छात्र संख्या के हिसाब से परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिका जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
5. सभी प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थियों की उपस्थिति / अनुपस्थित पत्रक विषयवार दो प्रतियों में तैयार कर विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।
6. महाविद्यालयों के प्राचार्यगण कोविड–19 हेतु जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए उत्तरपुस्तिकाऐं अधिक से अधिक काउन्टर खोलकर जमा कराए जिससे छात्रों की भीड एकत्रित न हो।
7. सभी महाविद्यालयो / संग्रहण केन्द्रो पर जमा हुई उत्तरपुस्तिकाओं के कक्षावार, विषयवार, प्रश्नपत्रवार बंडल बनाकर और यदि किसी भी महाविद्यालय / संग्रहण केन्द्रों में किसी अन्य महाविद्यालय की उत्तरपुस्तिका जमा होने पर पृथक से उसका बंडल / लिफाफा बनाकर प्रेषित करना अनिवार्य है।
8. सभी महाविद्यालय / संग्रहण केन्द्र के प्राचार्यो को जिलेवार उत्तरपुस्तिका जमा करने हेतु पृथक से आदेश जारी किया जा रहा है आदेश में उल्लेखित जिलेवार तिथि अनुसार ही विश्वविद्यालय के गोपनीय शाखा में अनिवार्य रूप से उत्त्रपुस्तिकाऐं जमा करेंगे।
9. उत्तरपुस्तिकाऐं जमा करने के साथ पारिश्रमिक पत्रक भी भरकर जमा करना अनिवार्य है।

**कुलपति जी द्वारा अनुमोदित**

(हस्ताक्षर) 04/7/2021
परीक्षा नियंत्रक
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

पृ.क्रमांक 659 गोपनीय / ~~परीक्षा~~ / 2020 भोपाल, दिनांक 04-07-21

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, वलभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. प्रभारी, आई.टी. सेल, ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. कुलपति जी के निज सचिव के माध्यम से मान. कुलपति जी की ओर सूचनार्थ।
5. नस्ती प्रति।

(हस्ताक्षर)
उप कुलसचिव (गोपनीय)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।